हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 15 अगस्त 2026

तिरंगा यात्रा... झज्जर के एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा निकाली गई। डायरेक्टर रमेश गुलिया ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन-बान-शान है।



स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली सीमा से जुड़े क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल किया तैनात

पुलिस अलर्ट, 21 नाके लगा वाहन जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वतंत्रता दिवस को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का दावा किया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें सीमावर्ती क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी कर रही हैं। जिलेभर में करीब 21 पुलिस नाके लगाए गए हैं, जहां संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से जांच की जा रही है। डीसीपी क्राइम शुभम सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट है। दिल्ली सीमा से जुड़े क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से भी चेकिंग और निगरानी की जा रही है। वहीं, डीसी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन, ग्लाइडर व पतंग आदि उड़ाकर किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिए जाने की संभावना को देखते हुए इन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

होटल-धर्मशालाओं में ठहरने वालों की जांच की

डीसीपी क्राइम शुभम सिंह ने बताया कि पुलिस की अलग-अलग टीमें होटल, धर्मशालाओं, बस स्टैंड, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सर्च अभियान चला रही हैं। सुरक्षा जांच के लिए डॉग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है।

दिल्ली सीमा के पास यहां बढ़ाई चौकसी

डीसीपी क्राइम शुभम सिंह ने बताया कि बहादुरगढ़ में कानौंदा-कुलासी टी-पॉइंट, कानौंदा-जोंती रोड, जरगदपुर चौक-मुंडाखेडा, बादली-ढांसा बॉर्डर, गुभाना-बाकरगढ़, टीकरी बॉर्डर, यूईआर-2, द्वारका रोड, बामनौली-निजामपुर और परनाला-निजामपुर सहित दिल्ली सीमा से जुड़े प्रमुख मार्गों पर पुलिस नाके लगाए गए हैं। इसके अलावा भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए झाड़ौदा बॉर्डर, सेक्टर-9 मोड़, आसौदा केएमपी स्टार्टिंग प्वाइंट और जाखौदा मोड़ पर डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। वहीं, झज्जर शहर में लॉरेंस स्कूल वाई-पॉइंट, नया बस स्टैंड वर्कशॉप, गुढ़ा बाइपास, सैनिक रेस्ट हाउस, शहीद भगत सिंह चौक और शिव चौक सहित प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

झज्जर में आरती राव करेंगी ध्वजारोहण : झज्जर रोडवेज वर्कशॉप में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। बहादुरगढ़ में विधायक राजेश जून, बेरी में हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के चेयरमैन रामकिशन शर्मा और बादली में हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन सुनीता डांगी ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी।

स्वतंत्रता दिवस पर सेनानियों के त्याग साहस और समर्पण को किया याद

सैनिक स्कूल में गूंजे देशभक्ति के तराने

बहादुरगढ़। सैनिक पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का समारोह बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। नर्सरी से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण, नृत्य, गायन, कविताएं आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, पहली व दूसरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी को खूब आकर्षित किया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया।

एमआर स्कूल में स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

बहादुरगढ़। सेंट सोल्जर एमआर पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक डॉ. हरिंद्र सिंह व प्रधानाचार्या मधु दहिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान के साथ देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। विद्यार्थियों ने तिरंगा परिधान पहनकर स्वतंत्रता दिवस की भावना को जीवंत किया। इसके साथ ही उन्होंने कविता वाचन, देशभक्ति से ओत-प्रोत स्लोगन प्रतियोगिता, नृत्य एवं कविता पाठ जैसी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एसआर सेंचुरी स्कूल में दिखे देशभक्ति के रंग

बहादुरगढ़। शहर के एसआर सेंचुरी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। स्कूल निदेशक संजीत राठी व प्रधानाचार्य वीएन झा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का मनोहारी प्रदर्शन करते हुए देशभक्ति की भावनाओं को सजीव अभिव्यक्ति प्रदान की।

- जीडी गोयनका स्कूल में मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सप्ताह भर से देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम, वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, साहस और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को जाना।

शुक्रवार को स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश को आजादी दिलाने वाले अमर सैनानियों के बलिदान को स्मरण करने का दिन है। बच्चे देश का भविष्य हैं और उनमें बचपन से ही राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, ज़िम्मेदारी, एकता तथा आत्मनिर्भरता के संस्कार विकसित करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने कार्यों और व्यवहार के माध्यम से देश की प्रगति में सकारात्मक योगदान देने का संकल्प लें। विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस गतिविधि, तिरंगे की थीम पर कला एवं क्राफ्ट गतिविधि, एकल नृत्य व लघु नाटिका आदि में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रिंसिपल ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को स्वतंत्रता के महत्व से परिचित कराने के साथ उनमें एकता, जिम्मेदारी, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय अखंडता जैसे मूल्यों का विकास करना है।

बहादुरगढ़। जीडी गोयनका स्कूल के विद्यार्थियों के साथ शैलजा जून।

एमडीएस शिक्षा सदन स्कूल में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बहादुरगढ़। शुक्रवार को जसौरखेड़ी गांव स्थित एमडीएस शिक्षा सदन स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल डायरेक्टर कविता देशवाल व प्रिंसिपल राजबाला देशवाल ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सम्मानपूर्वक सलामी दी। राष्ट्रीय गीत व राष्ट्रीय गान के बाद देशभक्ति के कार्यक्रम शुरू हुए। जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थी गर्विक, अवनी, तनुष, पाविका, हंसिका आदि ने अमर शहीदों व वीरांगनाओं को उन्हीं की भाषा व वेशभूषा में मनमोहक नाटिका द्वारा याद करके श्रद्धांजलि दी। नर्सरी व एलकेजी के चिराग, देवांश, मनीष आदि ने नन्हा- मुन्ना राही हूं पर मनमोहक नृत्य किया। दूसरी कक्षा की छात्रा सारवी, चंचल, गुंजन आदि ने भोलेनाथ के प्रिय सावन के पवित्र महीने का मंचन किया। कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य किया। छठी कक्षा के मिहिर, भूमि, नीति, फलक आदि ने देश पर शहीद होने वाले सैनिकों पर नाटक प्रस्तुत किया। आठवीं कक्षा की निशिका, दीक्षा ,हर्षा व नवमी कक्षा के गौरव, कार्तिक, यश आदि ने यह देश है वीर जवानों का गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। लकीशा, दीपिका, नैंसी आदि ने धूम मची हरियाणा गीत पर मनमोहक नृत्य किया।

मॉडर्न स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

बहादुरगढ़। शहर के मॉडर्न स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक राकेश कोच, उर्मिला सांगवान, प्रधानाचार्या मोना सिक्का की उपस्थिति में विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गंगा हाउस, यमुना हाउस, कावेरी हाउस व सरस्वती हाउस द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति पर आधारित स्किट ने स्वतंत्रता संग्राम की भावनाओं और देशभक्ति के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। राकेश सांगवान, उर्मिला सांगवान व मोना सिक्का ने विद्यार्थियों को देश की प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

मदर इंडिया स्कूल में दिखी देशभक्ति

बहादुरगढ़। शहर के मदर इंडिया पब्लिक में स्वतंत्रता दिवस का जश्न हर्षोल्लास से मनाया गया। सचिव राजेश कुमार और निदेशक अमित राठी ने ध्वजारोहण किया। मंच का संचालन कविता और मेघा ने किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति नाटक और नृत्य किए। प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने देशभक्ति के पोस्टर व ड्राइंग बनाए।

हरियाणा स्वर्णकार संघ का चुनाव कल

बहादुरगढ़। हरियाणा स्वर्णकार संघ का चुनाव रविवार 16 अगस्त को बहादुरगढ़ में किया जाएगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। गौरैया कॉम्प्लेक्स में दोपहर 12 बजे चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया है।

न्यूज डायरी

गर्ल्स कॉलेज में तीज मनाई, तिरंगा अभियान चलाया

बहादुरगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ एवं सांस्कृतिक क्लब द्वारा हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। साथ ही एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने डॉ. आशिमा के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान चलाया। प्राचार्या अलका गुलाटी ने कहा कि तीज युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध परंपराओं एवं सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती है।

तीज नई उमंग व ऊर्जा का देती है संदेश : डॉ. महिपाल

झज्जर। संस्कारम विश्वविद्यालय परिसर में हरियाली तीज का पर्व भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम के रूप में मनाया। समारोह में भारत के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों के साथ साथ नाइजीरिया देश के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि तीजोत्सव नई उमंग, नई ऊर्जा और नई चेतना का संदेश देता है।

एलए स्कूल में धूमधाम से मनाया तीज का पावन पर्व

झज्जर। एल ए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को हरियाली तीज के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातःकालीन सभा में स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने त्योहार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। स्कूल मैनेजर के एम डागर ने बच्चों को तीज पर्व की शुभकामनाएं प्रदान की। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया मौजूद रहे।

तीज पर जसौरखेड़ी कॉलेज में छात्राओं ने लगाई मेहंदी

बहादुरगढ़। शुक्रवार को जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ मानव श्रृंखला बनाकर एकता, राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। एनएसएस प्रभारी डॉ. सुनैना ने छात्राओं को नेशनल फ्लैग कोड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, तीज उत्सव के दौरान छात्राओं ने एक-दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाई तथा तीज से जुड़े लोकगीत गाए। डॉ. सुनैना की देखरेख में हुए कार्यक्रम में डॉ. पूनम, डॉ. सुनील, डॉ. अनिल कुमार व डॉ. सुनील कुमार उपस्थित रहे।

आशा किरण स्पेशल स्कूल में मनाया तीज का पर्व

बहादुरगढ़। नूना माजरा के आशा किरण स्पेशल स्कूल और नक्षत्र स्पेशल स्कूल में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच जयभगवान, संजय जून और प्रदीप राठी आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान तीज से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य व मनोरंजक गतिविधियां प्रस्तुत की गईं। स्कूल संचालक नवीन देशवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

तिरंगे की शान में उमड़ा जनसैलाब, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर, नारी शक्ति ने निकाली यात्रा

झज्जर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर में शुक्रवार सुबह तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा ने पूरे शहर को राष्ट्रभक्ति और एकता के रंग में रंग दिया। देश प्रेम के साथ ही नारी सशक्तिकरण के संदेश के साथ हर घर तिरंगा अभियान की अगुवाई महिला अधिकारियों ने की। डीसी वर्षा खांगवाल व डीसीपी धारणा यादव के नेतृत्व में जिला सैनिक बोर्ड स्थित शहीद स्मारक से शुरू हुई विशाल तिरंगा यात्रा में हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए नागरिकों के जोश, देशभक्ति के गीतों और भारत माता की जय के नारों से शहर का वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया।

मेट सिटी में निकाली तिरंगा साइकिल रैली

झज्जर। हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से रिलायंस मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप द्वारा भव्य तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को मुख्यातिथि डीसीपी धारणा यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वयं भी रैली में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। रैली में लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक रैली में भाग लिया। लगभग 35 किलोमीटर लंबी तिरंगा साइकिल रैली मेट सिटी क्षेत्र के आसपास के 11 गांवों याकूबपुर, सोंधी, निमाना, पेलपा, बाईपास-बादली, लाडपुर, बामनौला, कुकडौला, मुनीमपुर, कलोई और दादरीतोए से होकर गुजरी। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्नल रोमेल राज्याण, सोमवीर शुक्ला, मनीष राघव, लोकेश कापसे आदि रहे।

बर्फीले तूफान के बीच 7 हजार मीटर ऊंची चोटी की फतेह

बहादुरगढ़। गांव आसौदा के युवा पर्वतारोही विकास कुमार ने जम्मू-कश्मीर की सबसे ऊंची और तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जाने वाली चोटी माउंट नून (7135 मीटर) पर एक साहसिक अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया है। कड़ाके की ठंड, बर्फ की गहरी दरारों और खड़ी बर्फ की दीवारों जैसी कठिन बाधाओं को पार करते हुए विकास ने 7012 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस दुर्गम अभियान में स्विट्जरलैंड के पर्वतारोही समेत कुल 11 अनुभवी पर्वतारोही शामिल थे। विकास कुमार के अनुसार माउंट नून का यह अभियान उनके आगामी माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर) मिशन की तैयारी का प्रमुख हिस्सा था।

साल्हावास में दो पटवार सर्कल खाली होने से बढ़ रहा काम का बोझ

पटवारियों की सांकेतिक हड़ताल

कंप्यूटर की कमी और बिजली समस्या का मुद्दा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

उप-तहसील साल्हावास में विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर पटवारियों ने शुक्रवार को सांकेतिक हड़ताल की। पटवारियों ने उपायुक्त के नाम नायब तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

वहीं चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। पटवारियों ने बताया कि उपतहसील में दो पटवार सर्कल रिक्त हैं। नए पटवारियों की नियुक्ति के आदेश के बावजूद साल्हावास के लिए किसी की नियुक्ति नहीं होने से मौजूदा कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है।

वहीं, कार्यालय में केवल दो कंप्यूटर हैं। एक पर फर्द और दूसरे पर रजिस्ट्री का काम होने के कारण इंतकाल दर्ज करने के लिए कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हो पाता, जिससे पेंडेंसी बढ़ रही है। उन्होंने बिजली की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि बिजली और कंप्यूटर की उपलब्धता नहीं होने से इंतकाल दर्ज करने में घंटों इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने रिक्त सर्कलों में नियुक्ति, पर्याप्त कंप्यूटर, बिजली कनेक्शन और अतिरिक्त कार्यभार कम करने की मांग की है।

झज्जर। साल्हावास उप-तहसील में धरने पर बैठे पटवारी। फोटो: हरिभूमि

वर्क फ्रॉम होम और फ्री ट्रेडिंग का झांसा देकर 15.85 लाख रुपये ठगे

बहादुरगढ़। वर्क फ्रॉम होम के जरिए घर बैठे कमाई और फ्री ट्रेडिंग सिखाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक महिला से करीब 15 लाख 85 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता को टेलीग्राम पर मैसेज भेजकर एक कथित कंपनी के टास्क ग्रुप में जोड़ा गया। इसके बाद अलग-अलग बहानों से उससे बार-बार रकम जमा करवाई गई। जब पीड़िता ने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने टैक्स के नाम पर भी रकम जमा करवाने को कहा। दयानंद नगर निवासी पीड़िता सुशीला ने बताया कि उसे 3 अगस्त को मोबाइल फोन पर वर्क फ्रॉम होम से संबंधित एक मैसेज मिला था। मैसेज के माध्यम से उसे टेलीग्राम पर फ्री ट्रेडिंग सिखाने और घर बैठे काम करके पैसे कमाने का झांसा दिया गया।

बी.पी.एड. (B.P.Ed.) में दाखिला आरंभ

पी.टी.आई. तथा डी.पी.ई. (शारीरिक शिक्षा निदेशक) के पद पर होगी नियुक्ति

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) से मान्यता प्राप्त एवं इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी (IGU) से सम्बद्ध महाराणा प्रताप कालेज ऑफ़ एजुकेशन, धनौन्दा (ब्लाक - कनीना), जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में सत्र 2026-28 हेतु बी.पी.एड. (B.P.Ed.) (डी.पी.ई. कोर्स) में दाखिला आरम्भ हो गया है। बी.पी.एड. में प्रवेश हेतु स्नातक में 50% अंक तथा राज्य स्तर का खेल का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। एस.सी. विद्यार्थियों को सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी सीधे कॉलेज में दाखिला ले सकते है तथा www.mpcoekanina.com व कॉलेज फोन नं. 9467834482, 8053910428 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (Advt.)

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने दिया धरना

बहादुरगढ़। उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के बाद मंच का कथित तौर पर गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण किए जाने के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनाज मंडी स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए सत्याग्रह किया और इस घटना को खड़गे का अपमान बताते हुए भाजपा पर दलित विरोधी मानसिकता रखने का आरोप लगाया। शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कमल अरोड़ा और ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष संदीप उर्फ सीटू बराही ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम के बाद मंच को गंगाजल से शुद्ध करने की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह केवल एक नेता का अपमान नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और संविधान की भावना पर सवाल है।

बहादुरगढ़। सत्याग्रह के दौरान कांग्रेसियों को संबोधित करते जिलाध्यक्ष।

बहादुरगढ़। विभाजन के पीड़ितों को याद करती प्रिंसिपल व अन्य।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। वर्ष 1947 में भारत के विभाजन के दौरान अपने प्राण गंवाने वाले असंख्य लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने विभाजन की पीड़ा और उससे प्रभावित लोगों के संघर्ष एवं साहस को स्मरण किया। प्रेम बंसल ने महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेहा नैन ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के साथ-साथ समाज में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की भावना को बढ़ावा दें।



केआर मंगलम स्कूल में शहीदों को किया नमन

बहादुरगढ़। सेक्टर-2 स्थित केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में एसएचओ और प्रधानाचार्या अर्पिता आचार्या द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, देशभक्ति और कड़ी मेहनत का संदेश दिया। समारोह का सबसे मुख्य आकर्षण एयर शो रहा। विद्यालय की लैब में छात्रों द्वारा तैयार किए गए ड्रोन को उड़ाया गया और ड्रोन के माध्यम से छात्रों पर पुष्प वर्षा की गई। स्कूल के चारों सदनों के छात्रों ने अनुशासित मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी। पूरा परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। छात्रों ने देशभक्ति कविता, देशभक्ति गीत, नृत्य और संगीत के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रस्तुत किया।

शहीदों के बलिदान और संघर्ष का परिणाम है आजादी : डॉ. पंकज

बहादुरगढ़। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

राष्ट्रगान के बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। प्रधानाचार्य इंदु शर्मा ने मुख्यातिथि डॉ पंकज जैन का पौधा भेंट करने के साथ पटका एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के महत्व को दर्शाया। डॉ पंकज जैन ने कहा कि देश की आजादी असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। प्रधानाचार्य इंदु शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए।

स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी : मनीष

झज्जर। महाराजा अग्रसेन मिडिल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता एवं महाराजा अग्रसेन एजुकेशन ट्रस्ट के पूर्व वाइस चेयरमैन मनीष बंसल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल प्रबंधक केशव सिंघल द्वारा पटका पहनाकर एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस दौरान अपने संबोधन में मनीष बंसल ने कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। हमें देश की एकता और अखंडता बनाए रखने, स्वच्छता का ध्यान रखने और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक मजबूत, शिक्षित और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प

बहादुरगढ़। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हरदयाल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दो दिवसीय विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल डायरेक्टर अनुराधा यादव, सुनील व दुष्यंत आदि ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यार्थियों ने देश की सुरक्षा, एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए शपथ ली और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से प्रेरित पोस्टर, स्लोगन एवं विभिन्न कलाकृतियां तैयार कीं। इन रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए देश के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना व्यक्त की।

श्री स्वामी समर्थ स्कूल में तीज पर्व मनाया

बहादुरगढ़। लडरावन के श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में तीज पर्व एवं स्वतंत्रता दिवस उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। स्कूल चेयरमैन अभिषेक छिल्लर व प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर हरियाणवी संस्कृति और भारतीय परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। विद्यार्थियों को तीज पर्व के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

श्रद्धांजलि अर्पित की

विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएं, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।